Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

➢ **सवाईमाधोपुर में पटवारी 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *27 जून, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. टोंक इकाई द्वारा आज सवाईमाधोपुर में कार्यवाही करते हुये **आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर** को परिवादी से **6 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की टोंक इकाई को परिवादी द्वारा एक शिकायत इस आशय की दी गई कि नामान्तकरण खोलने एवं हक त्याग का इन्द्राज करने की एवज में आरोपी आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर द्वारा **10 हजार रुपये** रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री रणधीर सिंह** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. टोंक इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री झाबर मल** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के सवाईमाधोपुर में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी आशीष मीणा पटवारी पटवार हल्का गोठड़ा, तहसील मित्रपुरा, जिला सवाईमाधोपुर को परिवादी से **6 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**